राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान

(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)

दुर्गापुरा, जयपुर–302018

डॉ. सुनीता गुप्ता
निदेशक

दूरभाष : 0141-2550229 (O)
दूरभाष एवं फैक्स: 0141-2550229 & 2550536
ईमेल : director.rari@sknau.ac.in

क्रमांक:प. ( )पीए / 2024 / 2410 दिनांक: 10.10.2024

नीलामी – सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा मे गाय (टैग संख्या 180017164466) –1, बछड़ा (टैग संख्या 103362178800) –1, एवं बछड़ी (टैग संख्या 103362178742) –1 खुली बोली द्वारा नीलामी की जायेगी। अतः इच्छुक व्यक्ति दिनांक 17.10.2024 को दोपहर 12:00 बजे राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा पर मौके पर उपस्थित होकर बोली लगा सकते हैं। नीलामी सूचना को सम्पूर्ण अथवा किसी भाग को बिना किसी कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

नीलामी शर्तो का विवरण निम्नानुसारः–

1. प्रत्येक बोली लगाने वाले बोलीदाता को बोली लगाने से पहले रूपये 1000/–(अक्षरें रूपये एक हजार मात्र) धरोहर राशि जमा करवानी होगी। जिस बोलीदाता के नाम अंतिम बोली छूटेगी जिसमें धरोहर राशि नीलामी राशि में समायोजित कर ली जायेगी । अन्य बोलीदाताओ की धरोहर राशि उसी दिन बोली पूर्ण होने पर लौटा दी जायेगी।
2. नीलामी मे भाग लेने का अधिकार केवल धरोहर राशि जमा करवाने वाले व्यक्तियों का ही होगा। अतिम बोली को छोडने या नही छोडने की अधिकार नीलामी कमेटी का होगा।
3. बोली छूटने के बाद बोलीदाता को नीलामी की सम्पूर्ण राशि दिनांक 18.10.2024 तक कार्यालय समय में जमा करवानी होगी।
4. बोली छूटने के बाद 7 दिवस में गाय ले जानी होगी।
5. गाय/बछड़ा/बछड़ी को ले जाने का (यथा लोडिंग, बोडिंग एवं अन्य) समस्त व्यय बोलीदाता द्वारा ही देय होगा।
6. गाय/बछड़ा/बछड़ी का निरीक्षण बोलीदाता स्वयं एकीकृत कृषि प्रणाली (आई.एफ.एस.)प्रक्षेत्र, रारी दुर्गापुरा में जाकर अवश्य कर लें।
7. उपरोक्त को फार्म से बाहर ले जाते समय गेटपास लेना जरूरी होगा।
8. उपरोक्त शर्तो का उल्लंघन करने पर नीलामी निरस्त कर सम्बन्धित व्यक्ति की धरोहर राशि जब्त की जा सकती है।
9. हर विवादित मामले में अधोहस्ताक्षरकर्ता का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

Sd/-
निदेशक

प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नलिखित को प्रेषित हैः–

1. संयोजक कमेटी/सदस्य/लेखाशाखा/..।
2. प्रभारी, वेबसाइट रारी दुर्गापुरा पर अपलोड करना सुनिश्चित करे।
3. राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु।

निदेशक